**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–20 जून 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रदेश के कुशीनगर जिले से होकर जाएंगे बिहार, सिवान जिले से गोरखपुर–पाटलीपुत्र वंदे भारत ट्रेन सहित पांच हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की देंगे सौगात।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक निर्माण विभाग के साथ की बैठक, कहा–शासन को दस दिनों के भीतर उपलब्ध कराएं विकास कार्यों के प्रस्ताव।
- आज गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आजमगढ़ और गोरखपुर में जनसभाओं को करेंगे सम्बोधित।
- प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में पूरे सप्ताह बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने बिजली गिरने की भी चेतावनी दी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कुशीनगर जिले से होकर बिहार जायेंगे। वहां सिवान जिले से प्रधानमंत्री गोरखपुर–पाटलिपुत्र वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत करेंगे। वह ट्रेन के उद्घाटन सहित पांच हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री के ट्रांजिट विजिट को लेकर कुशीनगर में विशेष तैयारियां की गई हैं। प्रशासन ने एयरपोर्ट की 15 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही कुशीनगर और कसया में सुबह से रात आठ बजे तक रूट डायवर्जन किया गया है। प्रधानमंत्री बिहार से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर गोरखपुर–पाटलिपुत्र वंदे भारत का शुभारंभ करेंगे। इसी क्रम में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार तैयारियों का जायजा लेने गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने स्टेशन परिसर और क्रू लॉबी का निरीक्षण किया। रेल प्रशासन की तरफ से रेलवे बोर्ड को भेजे गए प्रस्ताव के मुताबिक यह वंदे भारत गोरखपुर से सुबह 5 बजकर 40 मिनट पर चलेगी और 12 बजकर 45 मिनट पर पटना पहुंचेगी। वापसी में पाटलिपुत्र से दोपहर साढ़े तीन बजे चलकर रात साढ़े दस बजे गोरखपुर पहुंचेगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।***

**********

पिछले पांच वर्षों में भारत वैश्विक स्तर पर बिजली उत्पादन क्षमता के मामले में चीन और अमेरिका के बाद तीसरा सबसे बडा देश बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वाणिज्यिक और आवासीय स्थानों का विस्तार, एयर कंडीशनर और अन्य घरेलू बिजली उपकरणों के बढते इस्तेमाल तथा उद्योगों की बढ़ती मांग ने इसमें योगदान दिया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अपने सरकारी आवास पर लोक निर्माण विभाग की कार्ययोजना को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि दस दिन के भीतर प्रदेश के सभी जिलों से सड़क, सेतु सहित अन्य सम्बन्धित विकास कार्यों के प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराए जाए। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावों को कार्ययोजना में शामिल किया जाए और साथ ही यह ध्यान रखा जाय कि प्रदेश की सभी चार सौ तीन विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य कराया जाना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि विकास कार्यों के प्रस्ताव स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर तैयार किये जाएं। विकास कार्यों का भूमि पूजन और शिलान्यास भी जन प्रतिनिधियों से ही कराया जाए। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विभाग की अट्ठारह योजनाओं के तहत कार्ययोजना में शामिल किये जाने वाले प्रस्ताव को तैयार करते समय यह ध्यान रखा जाय कि सभी विधानसभा क्षेत्रों को दो से तीन योजनाओं का लाभ जरूर मिले। विकास कार्यों का प्रस्ताव स्थानीय आवश्यकता के आधार पर तैयार किया जाय। श्री योगी ने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाय और प्रत्येक वर्ष प्रदेश के शीर्ष–पचास धार्मिक स्थलों का चयन उसकी ऐतिहासिकता, महत्व और श्रद्धालुओं की संख्या के आधार पर किया जाए। इन धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वांचल, आगरा, यमुना, बुन्देलखण्ड और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस–वे ने पूर्व और पश्चिम की कनेक्टिविटी को नया आयाम दिया है। अब समय आ गया है कि उत्तर और दक्षिण के जिलों को भी आपस में जोड़ने वाली संरचना तैयार की जाए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं अरूण।***

**********

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कल शाहजहांपुर जिले में बिसरात घाट स्थित हनुमतधाम का भ्रमण कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उनके साथ नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात और जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। प्रमुख सचिव ने नगर विकास विभाग की अन्य परियोजनाओं का भी स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये गये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज आजमगढ़ जिले के सालारपुर से गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का लोकार्पण करेंगे। यह एक्सप्रेस वे गोरखपुर जिले को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जोड़ता है । करीब सात हजार दो सौ बयासी करोड़ रुपये के इस एक्सप्रेस वे के उद्घाटन के बाद आजमगढ़ में जनसभा को सम्बोधित कर मुख्यमंत्री करीब छियासी किलोमीटर सड़क मार्ग से चल कर गोरखपुर पहुंचेंगे। वह गोरखपुर छोर के लोकार्पण स्थल पर भी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। एक रिपोर्ट–

***गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे गोरखपुर से शुरू होकर संतकबीर नगर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से जुड़ेगा। इस एक्सप्रेस–वे पर 2 टोल प्लाजा, 7 रैम्प प्लाजा, 5 फ्लाईओवर्स, 20 व्हेकुलर अंडरपास और 48 पेडेस्ट्रियन अंडरपास भी बनाए गए हैं। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए जनसुविधा परिसर ,पेट्रोल पम्प, चार्जिंग स्टेशन और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। गिरीश नारायण चौबे, आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।***

**********

ईरान इस्राइल संघर्ष के बीच सरकार ने ऑपरेशन सिंधु के तहत वहां फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने का फैसला किया है। इसी क्रम में ईरान से एक सौ दस भारतीय छात्रों को सकुशल भारत वापस लाया गया है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि इस्राइल छोड़ने के इच्छुक भारतीय नागरिकों को सीमाओं से सडक मार्ग और उसके बाद हवाई मार्ग से भारत लाया जायेगा। तेल अवीव में भारतीय दूतावास से सम्पर्क करने के लिए चौबिसों घंटे खुला रहने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस नियंत्रण कक्ष के नम्बरों नौ सात दो पांच चार सात पांच दो शून्य सात एक एक और नौ सात दो पांच चार तीन दो सात आठ तीन नौ दो पर सम्पर्क किया जा सकता है। इस बीच, प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि सरकार इन देशों में काम कर रहे प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवारों से भी सम्पर्क में है।

***हमारी निरंतर उनसे संवाद हो रहे हैं। हमारे जो श्रमिक हैं, उनके परिवारजन जो हैं उनसे भी हमारी वार्ता हो रही है। किसी प्रकार की परेशानी की कोई बात नहीं है। चिंता की कोई बात नहीं है।***

**********

प्रदेश के श्रम और सेवायोजन विभाग के मंत्री अनिल राजभर ने कल लखनऊ में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार ग्यारह की जनगणना के अनुसार प्रदेश में करीब इक्कीस लाख बाल श्रमिक हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वर्ष दो हजार सत्ताईस तक बाल श्रम से मुक्त करने का संकल्प लिया है और इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

**********

कल पूरे देश में ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय देशभर में सौ पर्यटक स्थलों और पचास से अधिक सांस्कृतिक महत्व के स्थानों पर योग सत्र आयोजित करेगा। प्रदेश के सरकारी कार्यालयों और कई स्वयंसेवी संगठनों के कार्यालयों में भी योग दिवस संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**********

प्रदेश भर में इस सप्ताह गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पूर्वी जिलों में कल और बाईस जून को, जबकि पश्चिमी जिलों में कल के अलावा बाईस, तेईस और पचीस जून को लगभग सभी स्थानों पर बारिश होगी। इस दौरान विभाग ने तेज झोंकेदार हवाएं चलने और बिजली गिरने की भी चेतावनी दी है। इस बीच, कल से गोरखपुर, कानपुर और सीतापुर सहित प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। साथ ही रुक रुक कर हल्की बूंदाबांदी से लेकर तेज वर्षा का क्रम जारी है।

**********